**दिनांक 12.08.2025 को मध्याह्न 12.00 बजे माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थितिः—1. श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग

2 श्री निर्मल कुमार, अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग

3. श्री सुलतान अहमद, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग

4. श्री कुमार राजीव रंजन, नोडल पदाधिकारी, PMGSY

5. श्री सतीश चन्द्र, नोडल पदाधिकारी, MMGSUY(South)

6. श्री बरूण कुमार, नोडल पदाधिकारी, MGSY

7. श्री अजीत कुमार, नोडल पदाधिकारी, MMGSY

**बैठक के मुख्य बिन्दु :—**

अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा विभाग अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी माननीय मंत्री महोदय को दी गई जिसपर विमर्शोपरान्त योजनावार निम्नांकित निर्णय लिये गये :—

1. ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम (MMGSUY) एवं सुलभ सम्पर्कता योजनान्तर्गत सभी निविदाओं का निष्पादन दिनांक 15 सितम्बर 2025 तक करना सुनिश्चित करें।

(नोडल पदाधिकारी, MMGSUY एवं सुलभ सम्पर्कता ग्रामीण कार्य विभाग)

2. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (MMGSY अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना (MGSY), राज्य योजना (NABARD) योजनान्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति में प्रगति लाते हुए निविदा निष्पादन दिनांक 15 सितम्बर 2025 तक करना सुनिश्चित करें।

(नोडल पदाधिकारी MMGSY/ MGSY/ NABARD, ग्रामीण कार्य विभाग)

3. दिनांक 12.08.2025 तक

(i) ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम योजनान्तर्गत तक कुल 12714 आवंटित पथों में 10877 पथों में कार्य प्रारंभ किया गया है।

(ii) मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (MMGSY अवशेष ) अन्तर्गत कुल 239 आवंटित पैकेजो 60 पैकेजों में कार्य प्रारंभ किया गया है।

(iii) मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना (MGSY) अन्तर्गत कुल 502 आवंटित पुलों में 209 पुलों में कार्य प्रारंभ किया गया है।

समीक्षा के क्रम में आवंटित कार्यो में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। साथ ही जो भी संवेदक द्वारा कार्य करने में उदासीनता दिखायी जा रही है, उनपर CMBD एवं बिहार ठेकेदार निबंधन नियमवाली, 2007 की सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाय।

(सभी कार्यपालक, अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग)

4. ऐसी योजनाएँ जो कई वर्षो से लंबित है उनका Review संबंधित नोडल पदाधिकारी, संबंधित कार्य प्रमंडलों से करेंगे एवं ऐसे कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे। जिन संवेदकों द्वारा कार्य करने में उदासीनता दिखायी जा रही है, उन सभी पर दंडात्मक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें एवं इसकी प्रति सभी वरीय पदाधिकारियों को भी दी जाय।

(अनुपालन–संबंधित नोडल पदाधिकारी / संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग)

5. मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (MMGSY अवशेष), मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना (MGSY) की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक अपर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 18.08.2025 को निर्धारित की गयी है।

(नोडल पदाधिकारी MMGSY/ MGSY ग्रामीण कार्य विभाग)

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।**

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः–मु०अ०(नि० एवं गु०नि०)विविध कार्य–06–153 / 2024 -4290 पटना, दिनांकः– 12/08/202

प्रतिलिपिः माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को माननीय मंत्री महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः– मु०अ०(नि० एवं गु०नि०)विविध कार्य–06–153 / 2024-4290 पटना, दिनांकः– 12/08/202

प्रतिलिपिः सभी विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग / अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिक / सभी नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल, ग्रामीण कार्य विभाग एवं सभी कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव